अभिव्यक्ति रिपोर्ट

''अभिव्यक्ति'' वाद–विवाद समिति द्वारा हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी दिनांक 27–09–2018 को ''समलैंगिकता का अधिकार सामाजिक व्यवस्था के अनुरूप है'' विषय पर अंतरमहाविद्यालयी वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के 40 से अधिक प्रतियोगियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मोती लाल नेहरू कॉलेज की छात्राओं– साक्षी और शिवानी, द्वितीय पुरस्कार ए.आर. एस.डी. कॉलेज के विद्यार्थियों सचिन और युक्ता एवं तृतीय पुरस्कार मिरांडा हाऊस कॉलेज की छात्राओं– शगुन और मानसी को प्रदान किये गए। सर्वश्रेष्ठ वक्ता और सर्वश्रेष्ठ प्रश्नकर्त्ता को भी पुरस्कृत किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ० इन्द्रजीत सिंह, एस.जी.एन.डी. खालसा कॉलेज, डॉ० रामरतन प्रसाद, ए.आर.एस.डी. कॉलेज तथा डॉ० संध्या गर्ग, जे.डी. एम. कॉलेज रहे। आयोजन की अभूतपूर्व सफलता पर संयोजिका डॉ० वन्दना रस्तोगी ने सदन को धन्यवाद देते हुए विषय से सम्बन्धित मुद्दों पर प्रकाश डाला व छात्र–छात्राओं को इस ज्वलंत विषय पर निर्भीकता से अपने विचार व्यक्त करने के लिए बधाई दी।